प्रेषक,

विशेष सचिव / निदेशक
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

नोडल अधिकारी / समस्त प्रधानाचार्य
राजकीय पालीटेक्निक
उत्तर प्रदेश।

संख्या : 262 / संप्रपप / परी0अनु0 / 2023 दिनांक 06 जून, 2023

विषयः– संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 के व्यापक प्रचार प्रसार के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विभाग द्वारा प्रचालित **"पालीटेक्निक चलो अभियान"** के अन्तर्गत संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2023 हेतु अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को आवेदन कराने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार–प्रसार करने के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के पत्र संख्या–229 / संप्रपप / प्राश0–(पंजी0) / 2023 दिनांक 30 मई, 2023 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि वर्ष 2023 की कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षाऐं प्रदेश के सभी जनपदों में माह जुलाई 2023 में आयोजित की जानी प्रस्तावित है, जिसके आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 10.06.2023 निर्धारित है, प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से आवेदन कराने हेतु प्रदेश के समस्त राजकीय / अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं को उपर्युक्त पत्र के माध्यम से निदेशित किया गया था, कि वे अपने जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करते हुए कैम्प लगाकर वर्ष 2023 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संस्थाओं में प्रवेश हेतु अधिकाधिक अभ्यर्थियों को पंजीकृत कराने हेतु प्रोत्साहित करें, किन्तु उक्त प्रचालित अभियान के अन्तर्गत अभ्यर्थियों के पंजीकरण में आपेक्षानुसार वृद्धि नहीं हो पाई है।

अतः पूर्व निर्गत निर्देश के क्रम में वर्ष 2023 की प्रवेश परीक्षा हेतु जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक का सहयोग प्राप्त कर अभ्यर्थियों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने का कष्ट करें, ताकि वंचित छात्र–छात्राऐं तकनीकी शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

(अन्नावि दिनेशकुमार)
विशेष सचिव / निदेशक

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव प्रा0शि0 उ0प्र0।
2. निदेशक प्रा0शि0 उ0प्र0 कानपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक प्रा0शि0 उ0प्र0।
4. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नोडल अधिकारी / प्रधानाचार्य।

(अन्नावि दिनेशकुमार)
विशेष सचिव / निदेशक

प्रेषक,

विशेष सचिव / निदेशक,
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं,
उत्तर प्रदेश।

संख्या : 229 / संप्रपप / प्रशासन–(पंजी0) / 2023, दिनांक : 30 मई, 2023

महोदय,

अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन के अर्धशासकीय पत्र संख्या–195 / JEEC / 2023, दिनांक 24 मई, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (अर्धशासकीय पत्र की प्रति संलग्न)। वर्तमान में विभाग द्वारा **"पालीटेक्निक चलो अभियान"** भी चलाया जा रहा है।

अवगत कराना है कि प्रदेश के विभिन्न पालीटेक्निक शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने की **अन्तिम तिथि 31.05.2023 निर्धारित** है। पालीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक आवेदन करने हेतु प्रदेश के समस्त राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की पालीटेक्निक संस्थाओं के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करते हुए कैम्प लगाते हुए वर्ष–2023 में प्रवेश परीक्षा हेतु अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को पंजीकरण कराने हेतु प्रोत्साहित करें, ताकि अधिक से अधिक छात्र / छात्राएं तकनीकी शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें।

भवदीय,

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(अन्नावि दिनेशकुमार)
विशेष सचिव / निदेशक

**संख्या एवं दिनांक तदैव**

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन को अर्धशासकीय पत्र संख्या–195 / JEEC / 2023, दिनांक 24 मई, 2023 के अनुक्रम में।
3. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0 को अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन के अर्धशासकीय पत्र संख्या–195 / JEEC / 2023, दिनांक 24 मई, 2023 के अनुक्रम में आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
5. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0।

(अन्नावि दिनेशकुमार)
विशेष सचिव / निदेशक